तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जून 2026

13 विकास की रोशनी पहुंचाने जिला प्रशासन धरातल पर

14 खोया मोबाइल पाकर लोग मुस्कुराए पुलिस ने लौटाए 16 लाख के सौ सेट




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
13 जून 2026
कूपन नं.
2

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26

## शाला खुलने से पहले भवनों की मरम्मत और शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करें : सोम

# बस्तर संभाग के स्कूलों में गूंजेगा 'स्कूल चलें हम' 16 जून से मनाया जाएगा 'शाला प्रवेश उत्सव'

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- बच्चे पहले दिन स्कूल में आकर्षक वातावरण देने की तैयारी

बस्तर संभाग के भी सभी शासकीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का आगाज उत्साहजनक माहौल में होने जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मंशानुसार 16 जून से संभाग के सभी स्कूलों में भव्य 'शाला प्रवेशोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक एचआर सोम ने दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी मातहत जिला शिक्षा अधिकारियों, ⏭ शेष पेज 12 पर




### तिलक और आरती से होगा नवप्रवेशियों का स्वागत

शाला प्रवेश उत्सव के पहले दिन स्कूल की दहलीज पर कदम रखने वाले नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और आरती उतारकर आत्मीय स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद पात्र छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, स्कूल गणवेश और साइकिलों का वितरण किया जाएगा, जबकि बोर्ड और स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों और उनके पालकों को मंच पर सम्मानित भी किया जाएगा। इस पूरे आयोजन में स्थानीय समुदाय, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्व-सहायता समूहों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सहयोग लिया जा रहा है, और आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से बच्चों को स्लेट, पेंसिल, कॉपी और स्कूल बैग जैसी सामग्रियां दान कर सकते हैं।

### स्कूलों से दोबारा जुड़ेंगे ड्राप आउट बच्चे

विभाग द्वारा स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया को बेहद सुगम बनाने की दिशा में कक्षा पहली में आँगनबाड़ी केन्द्रों की सूची के आधार पर बच्चों का सीधा प्रवेश कराया जाएगा, वहीं प्राथमिक शालाओं से उत्तीर्ण होने वाले पांचवीं के छात्रों को टीसी के आधार पर सीधे छठवीं कक्षा में दाखिला दिया जाएगा। इस अभियान के दौरान बस्तर संभाग में ड्राप आउट बच्चों को ढूंढकर दोबारा स्कूलों से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शैक्षणिक गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्कूलों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य की गई है और सभी विषय शिक्षकों को आगामी तीन महीनों का अग्रिम शैक्षणिक रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए

# तारागांव में सीसी सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- जांच की मांग, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तारागांव के सोलापारा, खासपारा एवं पदमपारा में निर्मित सीसी सड़क कार्यों को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी एवं आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में वित्तीय एवं तकनीकी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा, अनुविभागीय अधिकारी लोहंडीगुड़ा, लोकायुक्त छत्तीसगढ़ तथा आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को शिकायत प्रेषित कर मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं दिखाई देता, जबकि संबंधित कार्यों का भुगतान किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। शिकायत में मांग की गई है कि संबंधित निर्माण कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, कार्य आदेश, प्राक्कलन, माप पुस्तिका (एम.बी.), बिल-वाउचर तथा ⏭ शेष पेज 12 पर

## बिजली गुल से घंटों परेशान रहे लोग

**जगदलपुर।** भीषण गर्मी में मेंटेनेंस के नाम पर 8 घंटे तक बिजली गुल रहने से आम उपभोक्ता खासे परेशान हैं। कूलर, पंखे और एसी बंद होने से लोगों का घरों में टिकना मुश्किल हो गया है, वहीं पानी की आपूर्ति और बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में घंटों बिजली बंद होने से दैनिक जीवन पर सीधा असर पड़ा। विद्युत कंपनी ने शुक्रवार को मेंटनेंस के लिए बोधघाट, साकेत कालोनी, डीआरडीओ, संतोषी वार्ड, वृंदावन कालोनी, बीएसएनएल कार्यालय, वर्धमान कालोनी एवं आसपास शुक्रवार की सुबह 10 बजे से 5 बजे तक बिजली बंद रहने से उपभोक्ता परेशान रहे।

# दो ट्रक सहित 520 क्विंटल मक्का जब्त

## व्यापारियों से पांच गुना मंडी शुल्क व समझौता शुल्क 90 हजार वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



मंडी बोर्ड के संयुक्त संचालक की टीम ने अवैध धान परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 520 क्विंटल अवैध मक्का के साथ दो ट्रक जब्त किया है। इसमें व्यापारियों से पांच गुना मंडी शुल्क सहित 90 हजार 762 रुपए समझौता शुल्क वसूला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोर्ड के जेडी की टीम ने चारामा कृषि उपज मंडी क्षेत्र में मुखबिर के आधार पर चेक पोस्ट सुरही में कुंदई निवासी व्यापारी सुरेन्द्र साहू का ट्रक कमांक सीजी 04 पीवी 8372 की तलाशी में 300 क्विंटल और ओडिशा के रायघर निवासी नितिन शाहा का ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनपी 8176 की तलाशी में 220 क्विंटल अवैध मक्का ट्रक के साथ जब्त किया। संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि अवैध रूप से दूसरे राज्यों से लाए जा रहे उपज को रोकने के लिए राज्य के सीमावर्ती जिलों में बेरियर में वाहनों की तलाशी की जा रही है। बिना दस्तावेजों के उपज बेचने वाले बिचौलियों और कोचियों पर मंडी अधिनियम 1972 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

## बीमा कंपनी अदा करेगी वाहन के आईडीवी मूल्य की राशि 90 हजार

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग में गुरुवार को प्रकरण में आवेदिका को युनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर द्वारा वाहन पूर्ण रुप से आगजनी में क्षतिग्रस्त होने पर आईडीवी मूल्य की राशि 90 हजार रुपए एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु 5 हजार रुपए अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार बीजापुर निवासी आशा हेमला आवेदिका की टीवीएस स्कूटी का बीमा युनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया था। आवेदिका की उक्त वाहन आगजनी में जलकर पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिस हेतु आवेदिका द्वारा आवश्यक ⏭ शेष पेज 12 पर

# हाईमास्ट लाइट से जगमगाएगा शहीद पार्क चौक : किरण देव

- सुभाष पार्क में हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य का विधायक एवं महापौर ने किया भूमिपूजन

**जगदलपुर।** शहर के शहीद पार्क चौक के सामने स्थित सुभाष पार्क में बस्तर विकास प्राधिकरण मद से हाईमास्ट लाइट स्थापना कार्य का प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं महापौर संजय पांडे ने भूमिपूजन किया। सर्वप्रथम सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति पर विधायक देव एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया। नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत शहीद पार्क चौक के सुभाष पार्क में 8 लाख रुपए से हाईमास्ट लाइट स्थापित होगा। किरण देव ने कहा हाईमास्ट लाइट स्थापना से शहीद पार्क चौक



एवं आसपास का क्षेत्र दुधिया रौशनी से जगमगाएगा। हाईमास्ट लाइट से पार्क एवं ⏭ शेष पेज 12 पर




अपने शहर-प्रदेश, देश-विदेश की पल-पल की हर खबर सबसे पहले, सबसे सटीक

www.haribhoomi.com

अब नए कलेवर में

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

Copyright @ 2023-24 Hariboomi Ltd., All Rights Reserved

MAHESHWARI

# केशकाल घाटी में तीसरे दिन भी रुक- रुककर लगता रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

बस्तर के प्रवेश द्वार केशकाल घाट में जाम लगने का दौर कम नहीं हों रहा है जिसके चलते शुक्रवार को भी 4 किलोमीटर वाहनों कि लम्बी लाइन लगी रही और लोग परेशान होते रहे।

उल्लेखनीय है कि केशकाल घाट के सातवें मोड़ पर बुधवार को एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो चुकी थी। जिसके बाद गुरुवार को सुबह 3 घंटे से राष्ट्रीय राजमार्ग जाम रहा। जाम से लोगों को दोपहर 11 बजे राहत मिली थी कि गुरुवार की मध्यरात्रि को एक बार फिर जाम लग गया था। जिससे यातायात एक बार फिर प्रभावित हुआ। शुक्रवार को सुबह से लेकर शाम तक रुक रुक कर वाहनों के पहिए थमने लगे। लेकिन शाम 5 बजे से 4 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। इससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**चार किमी तक रही वाहनों की कतार**



# केशकाल घाट बायपास निर्माण, एजेंसी को कार्यादेश जारी, 308 करोड़ की लागत से बनेगा

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय राजमार्ग–30 रायपुर–जगदलपुर मार्ग पर प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित केशकाल घाट फोरलेन बायपास निर्माण परियोजना को गति मिल गई है। लोक निर्माण विभाग ने चयनित निर्माण एजेंसी को कार्यादेश जारी कर दिया है। उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री श्री साव ने 5 जून को बस्तर प्रवास के दौरान केशकाल बायपास रूट का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद लोक निर्माण विभाग ने आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर निर्माण एजेंसी को कार्य प्रारंभ करने के लिए कार्यादेश जारी कर दिया। अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



**308 करोड़ की लागत से बनेगा बायपास –** केशकाल घाट फोरलेन बायपास का निर्माण लगभग 308 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। यह बायपास 11.38 किलोमीटर लंबा होगा। परियोजना के तहत बायपास मार्ग में दो वृहद पुल और दो मध्यम पुलों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे यातायात और अधिक सुरक्षित एवं सुगम होगा। बायपास के निर्माण से केशकाल घाट क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा तथा रायपुर–जगदलपुर मार्ग पर आवागमन अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बन सकेगा।

# एनएच-30 में सड़क हादसा, लगा मेगा जाम

**केशकाल।** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर केशकाल नगर में गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गिरीदीप स्कूल के पास सड़क किनारे भारी लोहे का सामान लेकर खड़ी एक ट्रेलर में तेज रफ्तार और अनियंत्रित हाइवा पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों को नुकसान पहुंचा और कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। वहीं ट्रेलर चालक को मामूली चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार दिया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन प्रभावित हो गया, जिससे केशकाल नगर में लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लगने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही केशकाल एसडीओपी अरुण नेताम स्वयं अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम फिलहाल यातायात व्यवस्था संभालते हुए आवागमन बहाल कराने में जुट गई।

**ट्रेलर से टकराई अनियंत्रित हाइवा**



## खबर संक्षेप

### सुरुज सम्मान से नवाजे गए स्थानीय कलाकार



**केशकाल।** प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय भरथरी गायिका सुरुज बाई खांडे की जयंती के अवसर पर 12 जून को केशकाल के इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में सुरुज उत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उल्लेखनीय कार्य कर बस्तर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने वालो को सुरुज सम्मान 2026 प्रदान किया गया। सुरुज ट्रस्ट की दीप्ति ओग्रे ने सुरुज उत्सव के विषय में बताया की बिलासपुर, रायपुर संभाग के बाद इस वर्ष बस्तर संभाग के लोगों को सुरुज सम्मान देने को योजना बनी। सुरुज ट्रस्ट द्वारा सुरुज बाई खांडे के जयंती व पुण्यतिथि के अवसर पर हर साल हम कार्यक्रम आयोजित कर रहे है जिसके माध्यम से भरथरी गायन का भी प्रचार कर रहे है ताकि भरथरी गायन विधा से लोग जुड़े और भरथरी गायन विधा फिर राष्ट्रीय,अंतर्राष्ट्रीय तक पहुचे।

### नीट परीक्षा की तैयारियों का कलेक्टर–एसपी ने लिया जायजा



**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट के सुचारु, सुरक्षित एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश प्रबंधन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के निष्पक्ष संचालन के लिए निर्धारित दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर और एसपी ने परीक्षा केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया तथा परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट का आयोजन 21 जून को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं स्वामी सेजेस जामकोटपारा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

**सफलता:** विश्रामपुरी थाने स्टाफ ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ा

# पुलिस ने पांच लूटेरों को दबोचा वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

थाना विश्रामपुरी क्षेत्र में धान एवं मक्का खरीदी केंद्र पर मारपीट और नकदी लूट की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की नेक्सन कार क्रमांक सीजी 27 के 2722 भी जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार ग्राम कौन्दकेरा निवासी प्रार्थी सकरू राम नाग ने 7 जून को थाना विश्रामपुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम सलना आश्रित उड़ीदगांव बांध के पास धान एवं मक्का खरीदी केंद्र संचालित कर रहा था। इसी दौरान कार से पहुंचे पांच लोगों ने मुख्यमंत्री के पास शिकायत करने की बात को लेकर विवाद शुरू किया। उसके साथ मारपीट की और कथित रूप से 2 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

> ■ धान खरीदी केंद्र में मारपीट कर नकदी लूटने का मामला

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरुण नेताम के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने पांचों आरोपियों से पूछताछ की, जिन्होंने घटना में संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू की गई।



### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार आरोपियों में ज्ञानदास कोर्राम, राघवेन्द्र उर्फ रमन कोर्राम, दौनूराम पटेल, फुलसिंग कोर्राम तथा रोहित राम पाण्डे शामिल हैं। सभी आरोपी विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम कौन्दकेरा के निवासी बताए गए हैं।

### जांच टीम की रही अहम भूमिका

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस अधिकारियों और जवानों की सक्रियता से डकैती के आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

जिले के थाना बयानार पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को शिकायत दर्ज होने के महज 10 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम चेरंग स्कूलपारा निवासी 33 वर्षीय महिला ने 10 जून को थाना बयानार पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गांव के ही दशमन नेताम के साथ उसका लंबे समय से परिचय था। शादी करने का वादा कर विश्वास में लिया। पीड़िता का आरोप है कि विवाह का आश्वासन देकर आरोपी ने कई वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान वह कई बार गर्भवती हुई और गर्भपात भी हुआ। हाल ही में 6 जून को आरोपी ने कथित रूप से अपने घर में उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और अब विवाह करने से इनकार कर दिया। प्रकरण को लेकर गांव के सरपंच, पटेल और अन्य प्रमुख लोगों की मौजूदगी में सामाजिक स्तर पर विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। इसके बाद पीड़िता ने कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपनाते हुए थाना बयानार में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी दशमन नेताम को गांव से गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की त्वरित गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रेमनाथ बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# हेमबती नाग ने राष्ट्रीय जूडो स्पर्धा में जीता कांस्य पदक





**फरसगांव।** कोंडागांव जिला प्रशासन महिला एवं बाल विकास विभाग, की सहायता एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित बालिका गृह, कोंडागांव की प्रतिभावान बालिका हेमबती नाग ने चंडीगढ़ में आयोजित ओपन नेशनल जूडो प्रतियोगिता के 40 किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित कर न केवल आकांक्षी जिला कोंडागांव बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

> ■ 40 किग्रा भार वर्ग में हासिल किया मेडल

हेमबती नाग ने प्रतियोगिता के दौरान अपने शानदार कौशल, अनुशासन एवं दृढ़ आत्मविश्वास का परिचय देते हुए देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की बेटियाँ भी अवसर और मार्गदर्शन मिलने पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं।

हेमबती की इस सफलता से बालिका गृह की अन्य बालिकाओं में भी खेलों के प्रति उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ है। यह उपलब्धि बालिका गृह के समर्पित प्रयासों, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन तथा बालिका की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आकांक्षी जिला कोंडागांव के नागरिकों ने हेमबती नाग को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बड़ेकनेरा में 14 वर्षीय बालिकाओं का किया गया एचपीवी टीकाकरण

**कोण्डागांव।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीकाकरण अभियान के तहत ग्राम बड़ेकनेरा में 14 वर्ष आयु की पात्र बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। अभियान के दौरान बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाकर भविष्य में कैंसर और एचपीवी संक्रमण से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी वायरस महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। चिकित्सकीय विशेषज्ञों का मानना है कि कम उम्र में लगाया गया एचपीवी टीका भविष्य में इस कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करने में प्रभावी साबित होता है। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा 14 वर्ष आयु की बालिकाओं को निःशुल्क टीकाकरण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह टीकाकरण कार्यक्रम टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी, बीएमओ डॉ. हरेन्द्र बघेल एवं बीपीएम नीरज सोरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान को सफल बनाने में रीता पटेल आरएचओ, पूजा सूर्यवंशी सीएचओ एवं दीप्ति नेताम आरएचओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**यू–विन प्लेटफॉर्म पर हो रही निगरानी** – भारत सरकार द्वारा संचालित इस विशेष अभियान की मॉनिटरिंग और रिकॉर्ड संधारण यू–विन डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले के सभी कोल्ड चेन पॉइंट्स पर यह टीका निःशुल्क उपलब्ध है, जिससे पात्र बालिकाओं को आसानी से लाभ मिल सके।

# कोंडागांव और दंतेवाड़ा के दो ईई से मांगा गया स्पष्टीकरण

**कोण्डागांव।** जल जीवन मिशन के तहत संचालित नल–जल योजनाओं में पानी नहीं मिलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कोंडागांव और दंतेवाड़ा के कार्यपालन अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने दोनों अधिकारियों को सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने या जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव के बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव के बेड़मा और दंतेवाड़ा के टेकनार गांव में ग्रामीणों ने नल–जल योजना से नियमित पानी नहीं मिलने की शिकायत की थी। शिकायत सुनने के बाद उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद विभाग ने दोनों जिलों के ईई को नोटिस जारी किया। प्रमुख अभियंता श्री मरकाम ने कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता श्री पाण्डेय को जारी नोटिस में कहा कि बेड़मा गांव में जल अर्पण समारोह के दौरान ग्रामीणों ने योजना के सुचारू संचालन नहीं होने और नियमित जलापूर्ति बाधित रहने की शिकायत की थी।

> ■ नल–जल योजना की शिकायत पर कार्रवाई

# कोंडागांव में भाजपा ने मनाया सेवा सुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कोंडागांव स्थित शीतला माता मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

> ■ विधायक लता उसेंडी के नेतृत्व में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम के दौरान विधायक लता उसेंडी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने ग्राम देवी शीतला माता मंदिर में पूजा–अर्चना कर देश की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों और सुशासन की उपलब्धियों पर भी चर्चा की गई। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात मंदिर परिसर में प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं एवं आमजन को शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव के साथ वितरण कार्य में सहभागिता निभाई।



### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवंत चहल, जैनेंद्र ठाकुर, दयाराम पटेल, अशोक ब्रह्म, संतोष पात्र, जितेंद्र सुराना, प्रदीप नाग, शीतल पटेल, अविनाश शोरी, संजू मंडावी, धनसूदास, बांके नेताम, यश पारख, संतोष सिंह, सुमन शुक्ला, सती बघेल, सुषमा खोबरागड़े, साधना लोनहारे, अनिल देवांगन, गोविंद रामटेके, सोनमणि सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### बस्तर संभाग के स्कूलों...

विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इस अभियान को ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी वार्डों तक एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप देने के लिए स्थानीय स्तर पर पारंपरिक तरीके से मुनादी कराई जा रही है, ताकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शाला विकास समितियों और पालकों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही बच्चों के स्वागत से पहले स्कूलों की सूरत बदलने की कवायद भी शुरू हो गई है, जिसके तहत संयुक्त संचालक ने सभी स्कूल परिसरों, कक्षाओं और शौचालयों की व्यापक साफ-सफाई करने तथा जर्जर या मरम्मत योग्य स्कूल भवनों का काम 15 जून तक हर हाल में पूरा करने निर्देशित किया है, ताकि जब बच्चे पहले दिन स्कूल पहुंचें तो उन्हें आकर्षक वातावरण मिल सके।

### तारागांव में सीसी...

भुगतान संबंधी समस्त दस्तावेजों की जांच कराई जाए। साथ ही सड़क की वास्तविक लंबाई, चौड़ाई, मोटाई एवं गुणवत्ता का स्वतंत्र भौतिक सत्यापन कराया जाए। साथ ही जांच प्रतिवेदन को सार्वजनिक कर दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर कमल बघेल, संतु कश्यप, सूरज कश्यप, कुंवर मंडावी, सुकलु मंडावी, बली मंडावी, भगत मंडावी एवं संधू कश्यप सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बीमा कंपनी अदा करेगी...

दस्तावेजों के साथ बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा प्रस्तुत किया गया था। इस पर बीमा कंपनी द्वारा सर्वे करवाने के पश्चात, आवेदिका के पास वाहन चलाने का लायसेंस न होने के कारण आवेदिका का क्षति दावा निरस्त कर दिया गया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इसमें सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि बीमा शर्तों का उल्लघंन किया गया है। घटना के समय उक्त वाहन स्थिर अवस्था में नहीं था बल्कि उसका परिचालन किया जा रहा था। बीमा कंपनी लाइसेंस के अभाव के आधार पर बीमित वाहन के स्थिर खड़े रहने पर बीमा दावे से इंकार नहीं कर सकती है। इस कारण बीमा कंपनी द्वारा दावा अस्वीकार करना अवैध है। आवेदिका को हुई मानसिक परेशानी हेतु 5 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति पृथक दिए जाने का आदेश पारित किया गया है।

### हाईमास्ट लाइट से...

चौपाटी में लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने तय सीमा में स्थापित करने के निर्देश दिए। वही महापौर ने कहा शहीद पार्क चौक के सुभाष पार्क में हाईमास्ट लाइट के स्थापना से पार्क एवं चौपाटी में रौनक और बढ़ेंगी।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, योगेन्द्र पांडे, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, त्रिवेणी रंधारी, संजय विश्वकर्मा, पार्षद आलोक अवस्थी, हरिश पारेख, नरसिंह राव, आशा साहू, राधिका यादव,रोशन सिसोदिया, संतोष गौर, खगेंद्र ठाकुर, श्याम सुंदर, एवं मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव,परेश बसेरा , अभिलाष यादव, राजेश श्रीवास्तव, यशवर्धन राव, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**कृषि, किसान और ग्रामीण भारत की आवाज़ को मिला राष्ट्रीय सम्मान**

# डॉ. राजाराम को मिला पैरोकार ग्रामीण पत्रकारिता शिखर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर कोलकाता में आयोजित भव्य राष्ट्रीय समारोह में बस्तर के प्रख्यात साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार, कृषि विशेषज्ञ एवं जनजातीय सरोकारों के संवाहक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को प्रतिष्ठित 'पैरोकार ग्रामीण पत्रकारिता शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कृषि, किसान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जनजातीय जीवन और सामाजिक सरोकारों पर तीन दशकों से अधिक समय से किए जा रहे सतत लेखन और जनपक्षधर पत्रकारिता के लिए प्रदान किया गया।

> ■ कोलकाता में राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता की

भारतीय भाषा परिषद, कोलकाता और प्रतिष्ठित साहित्यिक शोध पत्रिका पैरोकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी समारोह 1826–2026 के अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। द्वि–शताब्दी हिंदी पत्रकारिता और बंगीय विरासत विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं छपते–छपते के संपादक विश्वम्भर नेवर थे। कार्यक्रम में देशभर से साहित्यकारों, पत्रकारों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों की उपस्थिति रही। सम्मान को बस्तर और पत्रकार समुदाय को किया समर्पित सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है। बल्कि बस्तर के आदिवासी समाज, वहां की संस्कृति, जनजीवन और छत्तीसगढ़ के पत्रकार समुदाय की सामूहिक उपलब्धि है।



### गोदान का होरी आज भी जिंदा है

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. त्रिपाठी ने कृषि और ग्रामीण भारत की उपेक्षा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी देश का किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा, प्रेमचंद के गोदान का होरी आज भी जिंदा है। कर्ज तथा संघर्ष के बोझ तले दबा हुआ है। भारत की आत्मा गांवों, किसानों और श्रमशील समाज में बसती है। इसलिए पत्रकारिता और साहित्य को ग्रामीण भारत, कृषि और जनजातीय समाज के मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाना होगा। यह सम्मान बस्तर की साहित्यिक चेतना, जनजातीय संवेदना और जनपक्षधर पत्रकारिता की राष्ट्रीय स्तर पर हुई प्रतिष्ठित की पहचान माना जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता अभियान के तहत गांव गांव पहुंच रही युवोदय टीम



**दंतेवाड़ा।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 20 मई से 15 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, खुले में शौच की प्रवृत्ति को समाप्त करना तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विकासखंड समन्वयक, युवोदय टीम एवं स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। विशेष रूप से उन परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिनके घरों में अभी तक शौचालय उपलब्ध नहीं है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर शौचालय नहीं होने से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, स्वच्छता के लाभ तथा शौचालय के नियमित उपयोग के महत्व के बारे में ग्रामीणों को समझा रही हैं।

### संतोष कश्यप को सर्वश्रेष्ठ रेशम उत्पादक का मिला पुरस्कार

**बीजापुर।** केन्द्रीय रेशम बोर्ड अंतर्गत क्षेत्रीय रेशम उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर द्वारा शासकीय कोसा बीज केंद्र नैमेड़ में 10 जून से 11 जून तक दो दिवसीय प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेशम उत्पादन से संबंधित नवीन तकनीकों एवं उन्नत प्रबंधन पद्धतियों का प्रदर्शन केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। वैज्ञानिकों ने हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण कोसा उत्पादन, रोग प्रबंधन, आधुनिक पालन तकनीकों तथा उत्पादन वृद्धि के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विगत रेशम फसल के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संतोष कश्यप सहित अन्य हितग्राहियों को सम्मानित भी किया गया।

# स्पंज आयरन के विरोध में विशाल रैली और जुलूस

## 22 पंचायतों के लोगों ने एसडीएम को सौंपा राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

भारतीय किसान यूनियन टिकैत एवं सर्व समाज के नेतृत्व में आज चपका क्षेत्र की 22 पंचायतों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के ग्रामीणों, किसानों एवं युवाओं ने गोपाल स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड

■ **समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा**

के विरोध में विशाल रैली एवं जुलूस निकालकर एसडीएम को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

रैली में शामिल किसानों एवं ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को उठाया। ज्ञापन में किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण और जर्किन डब्बे में पेट्रोल डीजल किसानों को पर्याप्त मात्रा में मिले इस पर ठोस कदम उठाने की मांग की गई।







वक्ताओं ने कहा कि किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। खेती-किसानी की लागत लगातार बढ़ रही है। जबकि किसानों को आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। साथ ही क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों और किसानों की भूमि पर बढ़ते खतरे को लेकर चिंता व्यक्त की गई। इस आंदोलन के माध्यम से शासन-प्रशासन को किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया गया तथा मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दशरथ कश्यप, संभागीय अध्यक्ष शिवा स्वर्णकार, जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, ग्रामीण जिला अध्यक्ष जगतू राम कश्यप, उपाध्यक्ष बलिराम पुजारी, जयंत राम साहू, शुभम सिंग सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुकमा के जिला अध्यक्ष सुनील सोढ़ी, उपाध्यक्ष रमेश कश्यप सहित अन्य जिलों से आए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने किसानों के संघर्ष के मजबूती प्रदान की।

## वातानुकूलित वाहन नहीं बल्कि मोटरसाइकिल से कर रहे हैं बीहड़ का भ्रमण

# विकास की रोशनी पहुंचाने जिला प्रशासन धरातल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा





ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि राशन दुकान का निर्माण कार्य पूरा होते ही अगले महीने से गांव में ही खाद्यान्न भंडारण की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को राशन के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर एसडीएम सुभाष शुक्ला, जनपद सीईओ सुमित ध्रुव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिले के दूरस्थ और संवेदनशील इलाकों में विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन लगातार जमीनी स्तर पर सक्रिय नजर आ रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर अमित कुमार और जिला

■ **कलेक्टर ने महिलाओं को किया केवायसी पूर्ण करने प्रेरित**

पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर ने गुरुवार को उबड़ खाबड़ रास्तों से होते हुए नदी नालों को पारकर पहुंचविहीन और अंदरूनी क्षेत्र मोरपल्ली का दौरा किया। इन दिनों कलेक्टर व सीइओ वातानुकूलित वाहन के बजाय भरी दुपहरी में मोटरसाइकिल से कठिन रास्ता तय कर गांव पहुंचकर यह संदेश दिया कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं को समझने और समाधान के लिए उनके द्वार तक पहुंचने को प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को अपने बीच देखकर ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

### आत्मीय संबंध बना दिल जीतने का जरिया

मोरपल्ली में कलेक्टर और सीईओ ने ग्रामीणों के साथ आत्मीय संवाद कर राशन, पेयजल, बिजली, आंगनबाड़ी और टेक होम राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने आश्वासन दिया कि राशन दुकान का निर्माण कार्य पूरा होते ही अगले महीने से गांव में ही खाद्यान्न भंडारण की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। इससे ग्रामीणों को राशन के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी से राहत मिलेगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने बच्चों से भी आत्मीय संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।

### पहुंच विहीन ग्रामों में सौगातों की बौछार

सुकमा के अंदरूनी और पहुंचविहीन गांवों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जोनागुड़ा और बंदा-मोरपल्ली में नए आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत करने, मोरपल्ली ग्राम पंचायत में बोर खनन कराने, खराब पड़े सोलर संयंत्रों की मरम्मत, तालाब गहरीकरण तथा एक वर्ष से लंबित ग्राम पटेल के मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का लाभ देने नए सीएससी सेंटर खोलने के निर्देश दिए। सुरपनगुड़ा गांव में प्रत्येक शुक्रवार साप्ताहिक बाजार शुरू कराने तथा पेद्दाबोडकेल में पूर्ण हो चुके पीडीएस भवन से अगले माह से खाद्यान्न भंडारण एवं वितरण प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मिनपा उप स्वास्थ्य केंद्र में बाउंड्री वॉल निर्माण कराने को भी प्राथमिकता में शामिल किया गया।

### जब ग्रामीण हुए मुरीद खुलकर की मन की बात

प्रशासनिक अमला पेद्दाबोड़केल और सुरपनगुड़ा गांव पहुंचा, जहां कलेक्टर ने प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों के बीच बैठकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और बिना किसी बाधा के पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी आवश्यकताएं और सुझाव प्रशासन के सामने रखे, जिन पर अधिकारियों ने संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### जनसेवा के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता

दौरे के दौरान महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई। कलेक्टर ने महिलाओं को महतारी वंदन योजना में शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे योजना का पूरा लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही ग्रामीणों को वोटर आईडी और आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज बनवाने के लिए जागरूक किया गया। प्रशासन का यह जमीनी दौरा केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीणों और शासन के बीच भरोसे की एक मजबूत कड़ी बनकर उभरा, जिसने दूरस्थ अंचलों में विकास और जनसेवा के प्रति प्रशासन की संवेदनशीलता को भी रेखांकित किया।

### माओवाद के साए से विकास की राह पर बोडगा



**बीजापुर।** कभी माओवाद का गढ़ माने जाने वाले ग्राम पंचायत ईतामपार के आश्रित ग्राम बोड़गा में विकास की नई उम्मीद लेकर 11 जून को जिले के कलेक्टर विश्वदीप एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे सहित प्रशासनिक अधिकारियों का दल पहुंचा। इस दौरान एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ ने भी ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और विकास संबंधी अपेक्षाओं को जाना।

गांव में आयोजित बस्तर मुन्ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे सैचुरेशन कार्यों की समीक्षा की। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं राजस्व विभाग के मैदानी अमले द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य किया जा रहा था। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया।

कलेक्टर विश्वदीप ने ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का युवा मोर्चा ने किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



मां सोनदाई की पावन भूमि, ऐतिहासिक नगरी बारसूर नगर आगमन पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जोशीला व आत्मीय स्वागत किया।

कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं युवा मोर्चा जिंदाबाद के जयघोष के साथ प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन किया। प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बत्तीसा मंदिर में दर्शन किया, पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की तत्पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया।

सभी ने कहा की प्रदेश अध्यक्ष के आगमन से युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है, निश्चित ही उनका मार्गदर्शन संगठन को और मजबूत बनाने की प्रेरणा देगा।

इस दौरान भाजयुमो प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष भीमा मरकाम, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष कीर्ति पाढ़ी, जिला मंत्री भुनेश्वर भारद्वाज, भाजपा मंडल अध्यक्ष बारसूर बैसू मंडावी, पूर्व जिला मंत्री जसवीर नेगी, नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर सुभद्रा नेगी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राहुल असरानी, जिला महामंत्री द्वय कामो कुंजाम, निखिल नाग, बद्रीनाथ पुजारी, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश नाग, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बारसूर सुनील नाग, हेम कुमार पांडेय, मंडल महामंत्री ऋषित राव, राहुल सोनवानी, सुनील अटामी, जनपद सदस्य मुन्ना सरपंच रमेश कश्यप, जिला उपाध्यक्ष सूरज ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह,जिला मंत्री हितेश सिन्हा,गौरव भवानी एवं समस्त भाजपा एवं मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नक्सल मुक्त बीजापुर विकास की मिसाल बनेगा: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बस्तर सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीजापुर जैसे लंबे समय तक माओवाद प्रभावित रहे जिले में अब विकास कार्यों के लिए अनुकूल वातावरण बना है और केन्द्र तथा राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को आपसी समन्वय के साथ धरातल तक पहुंचाना सभी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बीजापुर जिला कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद तेजी से विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहा है। अब यह जिला शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल और कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए नई पहचान बना रहा है। सांसद ने कहा कि बस्तर में पर्यटन की संभावनाएं भी तेजी से उभर रही हैं और माओवाद के समूल उन्मूलन के बाद विकास की गति और अधिक तेज होगी।

# झीरम बंजारीन माता मंदिर में विधायक ने करवाया भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

दरभा क्षेत्र के झीरम घाटी में वन दुर्गा बंजारीन माता मंदिर में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने भण्डारे का आयोजन किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के 12 स्वर्णिम वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली के लिये वन दुर्गा से प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक के साथ दरभा जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, मुन्नू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, बाबुल नाग, अंशु चौहान, साधु यादव एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें। विधायक खुद लोगों के बीच मौजूद रहे और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में एकजुटता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे कार्यक्रम लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 साल देश के विकास और बदलाव के साल रहे हैं। केंद्र सरकार ने गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के हित में लगातार काम किया है। उन्होंने कहा कि देश ने सुरक्षा, बुनियादी सुविधाओं, आत्मनिर्भरता और वैश्विक पहचान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को मिलकर पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहे हैं। सरकार की योजनाएं हर वर्ग तक पहुंच रही हैं। कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनकल्याण की योजनाओं की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं।

# समर कैम्प का 1300 बच्चों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



एनएमडीसी ने अपने सीएसआर पहलों के तहत वोस्का के सहयोग से 20 मई से 12 जून तक दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में समर कैंप आयोजित किए। इन शिविरों से लगभग 1300 बच्चों को लाभ मिला, जिसमें बुनियादी शिक्षा, पढ़ने, खेल, कला और शिल्प आर्ट एंड क्राफ्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, रचनात्मक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित गतिविधियां शामिल थीं।

इन समर कैंपों के समापन के उपलक्ष्य में 12 जून को मंगल भवन एनएमडीसी बचेली में एक समापन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जयंत नाहटा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, टी. शिवा कुमार मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन बचेली कॉम्पलेक्स, महेश एस नायर, महाप्रबंधक मानव संसाधन बचेली कॉम्प्लेक्स और सौरभ कुमार उप-महाप्रबंधक मानव संसाधन बचेली कॉम्प्लेक्स उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में एनएमडीसी के बचेली और किरंदुल परियोजना के अधिकारी, जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, विभिन्न गांवों के सरपंच, समुदाय के प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई, जिसके बाद प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया जहां बच्चों ने समर कैंप के दौरान बनाई गई अपनी कलाकृतियों, शिल्पों और सीखे गए कौशल का प्रदर्शन किया। जयंत नाहटा और एनएमडीसी के अधिकारियों ने बच्चों से बातचीत की, उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें शिविरों के दौरान सीखी गई बातों को अपनी नियमित स्कूली शिक्षा में आगे ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद गणमान्य अतिथियों ने केंद्रीय विद्यालय मैदान का दौरा किया, जहां बच्चों ने टीम-आधारित फ्रिसबी प्रतियोगिताओं में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए जयंत नाहटा ने एनएमडीसी की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित होंगे। उन्होंने बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम वर्क और समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए एक माध्यम के रूप में खेलों के महत्व पर भी जोर दिया।

इन समर कैंपों के माध्यम से एनएमडीसी ने ग्रामीण बच्चों के लिए छुट्टियों के दौरान सीखने, अपनी रचनात्मकता को तलाशने, खेलों में भाग लेने और आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक मंच तैयार किया है, जिससे उनके समग्र विकास और सकारात्मक सामुदायिक जुड़ाव में योगदान मिला है।

# एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक के 35 छात्रों ने पास की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शिक्षा और विकास के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके प्रतिष्ठित संस्थान एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के छात्रों ने इतिहास रच दिया है। संस्थान के 35 होनहार छात्रों ने देश की दिग्गज नवरत्न कंपनी एनएमडीसी लिमिटेड की कठिन एल-4 स्तर की परीक्षा को पास कर लिया है। इस सफलता से न केवल कॉलेज प्रशासन बल्कि पूरे बस्तर संभाग में हर्ष का माहौल है।

पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समर्पित है। कॉलेज प्रशासन केवल किताबी ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास और उनके तकनीकी कौशल को निखारने पर विशेष ध्यान देता है। यही कारण है कि यहां के पढ़े हुए बच्चे आज देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शत-प्रतिशत प्लेसमेंट का शानदार रिकार्ड इस साल भी कॉलेज ने रोजगार के मामले में अपना दबदबा कायम रखा है। शैक्षणिक सत्र के अंतिम वर्ष के सभी छात्रों का याजाकी इंडिया और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी नामचीन और वैश्विक कंपनियों में शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुका है। बस्तर जैसे सुदूर वनांचल क्षेत्र के युवाओं का देश की टॉप इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोटिव कंपनियों में चुना जाना यह साबित करता है कि यदि सही मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, तो प्रतिभा किसी भी क्षेत्र की मोहताज नहीं होती।

## शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सफल संचालन एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा ने की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद सिंह ठाकुर, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरीश गौतम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहे। बैठक में 16 जून से प्रारंभ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिले की सभी शालाओं, आश्रमों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। शाला प्रवेश उत्सव को जनभागीदारी के साथ उत्साहपूर्वक आयोजित करने तथा शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालयों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बस्तर के तीन वर्षीय अरुलेश को मिली नई जिंदगी

जगदलपुर। बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम छापर भानपुरी निवासी तीन वर्षीय अरुलेश बघेल के जीवन में अब खुशियों ने दस्तक दे दी है। जन्म से ही मलद्वार और मूत्र मार्ग बंद होने जैसी गंभीर जन्मजात समस्या से जूझ रहे इस मासूम के लिए बीते कुछ वर्ष बेहद कठिन रहे, लेकिन समय पर चिकित्सा और विशेषज्ञ डॉक्टरों के प्रयासों ने उसकी जिंदगी बदल दी। अरुलेश के पिता तुलसीदास बघेल बताते हैं कि बेटे की बीमारी उनके परिवार के लिए सबसे बड़ी चिंता का कारण थी। जन्म से ही मलद्वार और पेशाब का रास्ता बंद होने के कारण बच्चे को लगातार शारीरिक तकलीफों का सामना करना पड़ता था। अपने बेटे को पीड़ा में देखकर माता-पिता भी बेहद व्याकुल रहते थे। विगत वर्ष फरवरी 2025 में स्वास्थ्य केन्द्र में जांच के दौरान अरुलेश की गंभीर स्थिति का पता चला, जिसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। वहां आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जून 2025 में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उसके मलद्वार का पहला सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद बच्चे की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला और उसके जीवन में नई उम्मीद जगी। इसके बाद चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी रहा। विशेषज्ञों के परामर्श के अनुसार फरवरी 2026 में रायपुर में ही अरुलेश के मूत्र मार्ग का दूसरा ऑपरेशन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा।

### प्लेसमेंट कैम्प 16 को

जगदलपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र आड़ावाल जगदलपुर द्वारा 16 जून को एक विशाल प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जगदलपुर के पास स्थित इस केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक निजी क्षेत्र के तीन बड़े नियोक्ताओं द्वारा कुल 385 पदों पर भर्ती के लिए सीधे साक्षात्कार लिए जाएंगे। यह आयोजन पूरी तरह से निःशुल्क है, जिसमें बस्तर संभाग के 10 वीं पास से लेकर स्नातक कर चुके योग्य युवाओं के लिए करियर बनाने का बेहतरीन अवसर उपलब्ध कराया गया है।

# 29 संवेदनशील कुओं को वॉल व लोहे की जाली से कर रहे सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जंगलों के समीप स्थित असुरक्षित एवं खुले कुओं के चारों ओर पैरापेट वाल बनाकर लोहे की सुरक्षा जालियां लगाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया। बस्तर के घने वनांचलों एवं सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में वन्यजीवों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष को न्यूनतम स्तर पर लाने की दिशा में बस्तर वनमंडल द्वारा एक अत्यंत संवेदनशील, व्यावहारिक एवं दूरदर्शी कदम उठाया गया है। बस्तर वन मंडल में 29 संवेदनशील कुंओं को चिन्हित कर पैरापेट वॉल और लोहे की जालियों से सुरक्षित कर रहे हैं। जगदलपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक तिवारी के कुशल मार्गदर्शन तथा वन मंडलाधिकारी बस्तर के सक्षम नेतृत्व में वन क्षेत्रों एवं उनके निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित खुले एवं खतरनाक कुओं को चरणबद्ध रूप से सुरक्षित करने हेतु एक विशेष सुरक्षा अभियान युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है। वनांचल के भीतरी क्षेत्रों एवं कृषि भूमि पर निर्मित खुले तथा बिना पैरापेट वॉल के कुएं, वन्यजीवों के लिए दीर्घकाल से एक गंभीर एवं प्राणघातक खतरे का स्रोत रहे हैं। जल की तलाश में विचरण करते अथवा रात्रि के अंधकार में भटकते हुए तेंदुए, भालू, हिरण सहित अनेक वन्यप्राणियों के इन कुओं में गिरकर असमय मृत्यु या गंभीर रूप से घायल होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं समय-समय पर प्रकाश में आती रही हैं। इन घटनाओं से न केवल जैव विविधता को अपूरणीय क्षति पहुंचती है, बल्कि स्थानीय ग्रामीण समुदाय में भय एवं असुरक्षा का वातावरण भी उत्पन्न होता है। यह अभियान विशुद्ध रूप से वन्यजीव संरक्षण तक सीमित नहीं है। इन असुरक्षित कुओं से स्थानीय ग्रामीणों, बच्चों एवं मवेशियों को भी सदैव दुर्घटना का खतरा बना रहता था। इस ढांचागत सुरक्षा उपाय से समाज के सभी वर्गों को एकसाथ संरक्षण प्राप्त होगा, जो इस पहल को एक समग्र जन-कल्याणकारी अभियानका स्वरूप प्रदान करता है।

## वन विभाग ने पहचान किया जंगल के छिपे हुए मृत्यु कूप

### बस्तर वनमंडल की पहल

बताया जा रहा है कि संवेदनशील स्थलों की मैदानी स्तर पर चिन्हांकन वनांचल एवं सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित समस्त खुले कुओं का सर्वेक्षण कर कुओं के चारों ओर पैरापेट वाल बनाकर लोहे की मजबूत सुरक्षा जालियां लगाना किया जा रहा है। चिन्हित कुओं को लौह जालियों से आच्छादित किया जा रहा है। मानसून-पूर्व प्राथमिकता आगामी मानसून सत्र में जलभराव की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अभियान को अतिशीघ्र पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान बस्तर वनमंडल के विभिन्न परिक्षेत्रों में उप वन मंडलाधिकारियों एवं परिक्षेत्र अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है।



### हादसों पर लगेगा विराम

बस्तर के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि वन्यजीव प्राकृतिक पारिस्थितिकी अभिन्न एवं अपरिहार्य अंग हैं। उनकी अवांछित दुर्घटनाओं की रोकथाम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बस्तर वन मंडल में संवेदनशील कुंओं को चिन्हित कर पैरापेट वॉल और लोहे की जालियों से सुरक्षित कर रहे हैं।

### मांगा जनसहयोग

एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बस्तर वनमंडल के समस्त ग्राम पंचायतों, वन प्रबंधन समितियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों से यह अनुरोध किया कि अपने क्षेत्र में स्थित खुले एवं असुरक्षित कुओं की सूचना निकटतम वन परिक्षेत्र कार्यालय को प्रदान करें। वन्यजीव संरक्षण को एक सामूहिक सामाजिक दायित्व के रूप में स्वीकार करें, इस अभियान में स्वैच्छिक सहयोग प्रदान कर बस्तर की अमूल्य जैव विविधता को संरक्षित करने में भागीदार बनें।

## बस्तर पुलिस को टेक बैक योर प्रॉपर्टी अभियान के तहत मिली सफलता

# खोया मोबाइल पाकर लोग मुस्कुराए पुलिस ने लौटाए 16 लाख के सौ सेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर पुलिस को गुम मोबाईल की तलाश करने चलाए जा रहे टेक बैक योर प्रॉपर्टी अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। साइबर सेल व विभिन्न थाना की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान चलाते हुए गुरूवार को 16 लाख रूपए के गुम हुए सौ से अधिक गुम मोबाईल ढूंढ कर उनके मालिकों को लौटाया।

■ साइबर सेल व विभिन्न थाना की संयुक्त टीम ने चलाया विशेष अभियान

गौरतलब है कि बस्तर पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाईल की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक लाखों के मौबाईल उनके मालिकों को लौटाया जा चुका है।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व तथा एएसपी महेश्वर नाग एवं सीएसपी सुमित कुमार के मार्गदर्शन में डीएसपी साइबर अमित देवांगन के निर्देश पर गठित टीम द्वारा मोबाइल रिकवरी अभियान चलाया गया जिसमें साइबर सेल, थाना कोतवाली, बोधघाट, बस्तर एवं नगरनार पुलिस की विशेष भूमिका रही।

गुरूवार को त्रिवेणी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि बस्तर पुलिस द्वारा नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा एवं गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु बस्तर पुलिस संवेदनशील है एवं प्रार्थियों के गुम हुए मोबाइल की रिकवरी के लिए लगातार अभियान चलाया जाता रहेगा।

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि मोबाइल रिकवरी के लिए चलाए गए इस विशेष अभियान में साइबर सेल तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों की संयुक्त टीमों ने तकनीकी सहायता और सतत प्रयासों के जरिए गुम हुए मोबाइल फोन का पता लगाया। अभियान के दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से मोबाइल फोन बरामद किए गए। आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय से अपने मोबाइल फोन खो चुके लोगों को जब उनकी संपत्ति वापस मिली तो उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी वहीं पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

# आम की खुशबू से महकेगा बस्तर, आज से महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अंचल की समृद्ध जैव-विविधता और पारंपरिक कृषि संपदा को एक बड़ा वैश्विक मंच देने के लिए दो दिवसीय भव्य बस्तर आम महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (दुर्ग) तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन (रायपुर) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह अनूठा महोत्सव आगामी 13 एवं 14 जून को आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य केंद्र क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का परिसर होगा। इस वृहद महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन 13 जून को प्रातः 11 बजे किया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप होंगे। उनके साथ अति विशिष्ट अतिथियों के रूप में सांसद महेश कश्यप तथा विधायक किरण सिंह देव मंच की शोभा बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महापौर संजय पांडेय और जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष कामदेव बघेल शामिल रहेंगे, जबकि पूरे उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि आर. सक्सेना करेंगे।

■ जैव-विविधता और पारंपरिक आम की किस्मों का होगा प्रदर्शन

महोत्सव के दौरान आम उत्पादकों को प्रोत्साहित करने और आम जनता के मनोरंजन के लिए कई प्रतियोगिताओं तथा ज्ञानवर्धक सत्रों का खाका तैयार किया गया है। पहले दिन की शुरुआत प्रातः 9 बजे से प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागियों के पंजीयन के साथ होगी, जिसके बाद दोपहर तीन बजे तक आम की विभिन्न किस्मों, आम से बने उत्पादों, रंगोली तथा पोस्टर मेकिंग जैसी रचनात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर तीन बजे अतिथियों की उपस्थिति में भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न होने के बाद, शाम पांच बजे से सात बजे तक बच्चों और स्थानीय कलाकारों के लिए आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जबकि आम जनता के लिए प्रदर्शनी सुबह दस बजे से रात आठ बजे तक निरंतर खुली रहेगी।



# हाइवे पर आग का गोला बनी कार सवार परिवार निकला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

राष्ट्रीय राजमार्ग तीस एर्राबोर के पास आज अचानक एक कार में आग लग जाने से कार जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि यह कार क्रमांक सीजी 26 ई 4837 सुकमा नगर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी मनोज चांडक की थी। घटना के दौरान कार में पूरा परिवार सवार था, जिन्होंने समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन में वायरिंग शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। देखते ही देखते आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि घटना में सभी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं और परिवार वापस सुकमा लौट है। पुरी घटना कोंटा ब्लॉक मुख्यालय से सुकमा की दिशा में पंद्रह किलोमीटर दूर इकलगुड़ा गांव जाने वाले मार्ग के समीप हुई। टाटा हेरियर कार में चलते चलते आग लगने की खबर सोसल मीडिया में वायरल हुई। यह घटना एर्राबोर थाना के अंतर्गत आता है।

■ एर्राबोर के पास घटी घटना, कार में सुकमा का था परिवार

# सेंट्रल जेल से 14 दिन के पैरोल पर निकलकर 21 साल काटी फरारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हत्या के मामले में सेण्ट्रल जेल जगदलपुर में बंद बंदी आखिरकार 21 वर्ष बाद पुनः जेल पहुंच गया। उसे वर्ष 2005 में 14 दिनों की पैरोल पर जेल से छोड़ा गया था लेकिन पैराले अवधि समाप्त होने के बाद वह वापस जेल नहीं आया और फरार हो गया। काफी प्रयास के बाद दंतेवाड़ा पुलिस ने उसे तेलांगाना के कोतागुडेम से गिरफ्तार किया और फिर उसे केन्द्रीय कारागार में भेज दिया गया।

■ नाम बदलकर रह रहा था, पुलिस ने तेलगांना के कोतागुडेम से किया गिरफ्तार

जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा जिले के कटेकल्याण थाना क्षेत्र के हत्या के मामले में वर्ष 2001 में आरोपी सोढ़ी मासा केंद्रीय कारागृह जगदलपुर में निरूद्ध था। सेण्ट्रल जेल से 14 दिन के पैरोल मिलने के बाद वह वापस जेल नहीं पहुंचा और फरारी के दौरान तेलंगाना के कोत्तागुडेम क्षेत्र में अपना नाम बदलकर रहने लगा।

हाल ही में मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तेलंगाना में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद वापस केंद्रीय कारागृह जगदलपुर भेज दिया गया।



पुलिस के मुताबिक हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही 21 साल पुरानी फरारी मामले में सफलता मिली है। पड़ोसी राज्य में 21 साल तक फरारी काटने की सूचना पुलिस को आरोपी के बेटे से लगी जिसने अपने पिता के ठिकाने की जानकारी जिसके बाद पुलिस ने तेलंगाना से उसे पकड़ा जहां वह नाम बदलकर रह रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी का पुत्र हड़मा उर्फ सुरेश सोढ़ी गांव आया हुआ है। पुलिस ने उससे पूछताछ की तब उसने अपने पिता सोढ़ी मासा के तेलंगाना में नाम बदलकर रहने की जानकारी दी। इस सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम को तत्काल तेलंगाना भेजा गया जहां से उसे हिरासत में लेकर जगदलपुर लाया गया।

### दंतेवाड़ा के गाटम का निवासी

आरोपी सोढ़ी मासा ग्राम गाटम डोंगरीपारा का निवासी है। उसे कटेकल्याण पुलिस ने हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। सोढ़ी मासा वर्ष 2001 से केंद्रीय कारागृह जगदलपुर में निरुद्ध था। वर्ष 2005 में उसे 14 दिनों की पैरोल पर अपने गृह ग्राम जाने की अनुमति मिली थी। लेकिन पैरोल अवधि खत्म होने पर वह जेल वापस नहीं लौटा और फरार हो गया। फरारी के दौरान वह तेलंगाना के कोत्तागुडेम के कासनपल्ली क्षेत्र में लालाराम सोढ़ी के नाम से छिपकर रह रहा था। थाना कटेकल्याण पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। उसे प्रथम अपर सत्र न्यायालय जगदलपुर में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को वापस केंद्रीय कारागृह जगदलपुर में दाखिल कराया गया है। यह गिरफ्तारी 21 वर्ष की लंबी फरारी के बाद हुई है।

# अखंड संकीर्तन से मंदिर परिसर का वातावरण हुआ भक्तिमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के रियासतकालीन लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित हरिहर महायज्ञ के छठवें दिन शुक्रवार को पूरा मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। मंदिर परिसर में अखंड संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। हरिनाम की मधुर ध्वनि और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने विश्वशांति, मानव कल्याण और धर्म संरक्षण की कामना करते हुए महायज्ञ में सहभागिता की। महायज्ञ के छठवें दिन विधि-विधानपूर्वक पूर्णाहुति संपन्न हुई। इसके साथ ही 108 ब्राम्हणों का दिव्य भोज आयोजित किया गया तथा 24 घंटे के अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बस्तर के दूरस्थ ग्राम अंचलों से सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, पुरुष श्रद्धालु और आदिवासी समाज के हरिभक्त श्रद्धा के साथ शामिल हुए। वैदिक परंपराओं के अनुरूप देश के विभिन्न राज्यों से आए वेदपाठी एवं कर्मकांडी विद्वान ब्राह्मणों ने यज्ञ, पूजन, महाआरती और अन्नभोग प्रसाद वितरण के माध्यम से धार्मिक अनुष्ठानों को भव्य स्वरूप प्रदान किया। आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने बताया कि पुरुषोत्तम अधिक मास के पावन अवसर पर बस्तर में पहली बार भगवान श्रीमन्नारायण और भगवान महादेव को समर्पित हरिहर महायज्ञ का आयोजन विश्वशांति और लोककल्याण की भावना से किया जा रहा है। मंदिर के प्रधान पुजारी किशोर तिवारी ने बताया कि धार्मिक आयोजन में शहर सहित आसपास के 40 से 50 गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। रायपुर सहित दक्षिण बस्तर के सुकमा, छिंदगढ़, दरभा, तीरथगढ़, कुटुमसर, केशापुर, बोदल, चिलकुटी, खमारगांव, चोकावाड़ा और मावलिपदर सहित अनेक ग्रामों से पहुंचे श्रद्धालु अखंड हरिनाम संकीर्तन में सहभागी बन रहे हैं।

■ 108 ब्राम्हणों का हुआ दिव्य भोज, दूरस्थ ग्राम अंचलों से पहुंचे श्रद्धालु

# बस्तर की बेटियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीते छह पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नया रायपुर में 9 एवं 10 जून को आयोजित अस्मिता जोनल नॉर्थ जोन कयाकिंग-केनोइंग स्प्रिंट प्रतियोगिता में बस्तर की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 कांस्य पदक जीतकर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।

■ कयाकिंग-केनोइंग स्प्रिंट स्पर्धा में बस्तर का किया प्रतिनिधित्व

प्रतियोगिता की के-2 1000 मीटर स्पर्धा में ईशा गोयल एवं मालती कश्यप ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं के-4 1000 मीटर तथा के-4 2 सौ मीटर स्पधार्ओं में सोनम पुजारी, मुस्कान भारती, दूतिका कश्यप एवं सुनानी नाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों स्पधार्ओं में कांस्य पदक अपने नाम किए।

इसी प्रकार सी-4 200 मीटर स्पर्धा में रोशनी सोरी की टीम ने कांस्य पदक जीता जबकि मानमती बघेल की टीम ने सी-4 500 मीटर एवं सी-4 200 मीटर स्पधार्ओं में कांस्य पदक अर्जित कर बस्तर का नाम रोशन किया।

बस्तर की इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन इसलिए भी विशेष रहा क्योंकि वे आगामी राष्ट्रीय जूनियर कयाकिंग-केनोइंग चैंपियनशिप में भी भाग लेने जा रही हैं। अस्मिता लीग में प्राप्त यह सफलता खिलाड़ियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली साबित होगी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारियों को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रशिक्षकों के अलावा खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। बस्तर की बेटियां लगातार कयाकिंग-केनोइंग खेल में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को नई पहचान दिला रही हैं। आने वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर भी इन खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

## राष्ट्रीय नेत्र ज्योति योजना के तहत सभी चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन

# 5998 लोगों को मिली नई रोशनी, बस्तर मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर संभाग के सातों जिलों बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर और बीजापुर में स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 5998 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के माध्यम से आंखों की नई रोशनी मिली है। पूवर्ती जैसे बेहद दुर्गम इलाकों के बुजुर्गों का भी सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन कर उनकी आंखों की रोशनी लौटाई गई है। बस्तर को मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त घोषित किया गया है, जहां मोतियाबिंद से प्रभावित सभी चिह्नित मरीजों का सफल आपरेशन किया गया है। केंद्र सरकार ने मोतियाबिंद के कारण होने वाली अंधत्व की समस्या को दूर करने के लिए राष्ट्रीय नेत्र ज्योति योजना शुरू की है। बस्तर जिले के शासकीय महारानी अस्पताल में ही नेत्र विशेषज्ञ एवं नोडल अधिकारी डॉ. सरिता थॉमस ने ही अप्रैल से मार्च तक 3200 के लक्ष्य में 3554 लोगों के आंखों का मोतियाबिंद आपरेशन कर लोगों को रोशनी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों में जन्मजात मोतियाबिंद रहता है। माता-पिता को भी जन्मजात बीमारी का आभास नहीं हो पाता। बच्चे की दोनों आंखों में मोतियाबिंद है, तो दोनों आंखों का ऑपरेशन किया जाता है, जिससे बच्चे आंखों से दुनिया देख पा रहे हैं। वहीं 6 माह में कांकेर जिले में 1555, बीजापुर जिले में 269, दंतेवाड़ा जिले में 163, सुकमा जिले में 185, कोंडागांव जिले में 169 एवं नारायणपुर जिले में 103 मरीजों के आंखों का मोतियाबिंद आपरेशन किया गया।

### मरीजों को मिले हर संभव उपचार

स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि 6 माह में दो आंख के 1068 एवं एक आंख वाले 3295 मरीजों का मोतियाबिंद आपरेशन कर रोशनी दी। सातों जिलों के सीएमएचओ को निर्देश दिया कि अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को हर संभव उपचार करें।